# दिशा की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

- धान भुगतान में लापरवाही पर पैक्स लाइसेंस रद्द करने का निर्देश
- सड़क निर्माण की गुणवत्ता, विद्यालय संचालन, बिजली संकट और किसानों के बकाये भुगतान पर हुई विस्तृत चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने की। बैठक में केंद्र प्रायोजित एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत निर्माणाधीन कुछ सड़कों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आईं। इस पर सांसद ने कहा कि आम नागरिक खराब निर्माण कार्य की तस्वीरें टैग कर भारत सरकार के मॉनिटरिंग एंड अकाउंटिंग सिस्टम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं तथा उसकी स्थिति की निगरानी भी कर सकते हैं।

बैठक में पाटन प्रखंड के मर्ज किए गए कुमहवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय को पुनः संचालित करने का मुद्दा भी उठा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड शिक्षा समिति की रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण विद्यालय को दोबारा नहीं खोला जा सका है। इस पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को 10 जून तक स्वयं शिक्षा समिति की बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

लेस्लीगंज प्रखंड प्रमुख ने लोहरा पंचायत के गोरियाडीह स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पेयजल समस्या का मामला उठाया। इसके बाद संबंधित विभाग को विद्यालय परिसर में तत्काल डीप बोरिंग कराने का निर्देश दिया गया।

भवन निर्माण निगम द्वारा निर्मित किए जा रहे बालक एवं बालिका छात्रावासों का निर्माण कार्य जनप्रतिनिधियों को सूचना दिए बिना और शिलान्यास कराए बिना शुरू किए जाने पर सांसद तथा विधायकों ने नाराजगी जताई। उन्होंने भविष्य में ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों को सूचना देने और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करने पर बल दिया।

जिले में लगातार हो रही लोड शेडिंग और बिजली कटौती के मुद्दे पर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सितंबर 2026 तक 50 मेगावाट क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके चालू होने के बाद जिले में बिजली आपूर्ति की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

सांसद ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने सरकारी मोबाइल नंबर सक्रिय रखने का निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अक्सर विभागीय नंबर बंद मिलने की शिकायतें प्राप्त होती हैं, जो चिंताजनक है।

किसानों के धान क्रय भुगतान में हो रही देरी पर सांसद ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि किसानों को उनके धान का बकाया भुगतान समय पर नहीं किया जाता है तो संबंधित पैक्स के दोषी अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस रद्द किया जाए तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए।

बैठक में पशुपालन विभाग की योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लाभुकों की सूची उपायुक्त एवं समिति के सदस्यों को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में वित्त, वाणिज्य कर, योजना विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, समिति के सदस्य, प्रखंड प्रमुख तथा ऑनलाइन माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# घरेलू हिंसा, बाल विवाह व पोक्सो कानून पर जागरूकता अभियान



- डालसा की ओर से सुदना पूर्वी पंचायत में चलाया गया विशेष कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष के निर्देश तथा डालसा सचिव राकेश रंजन के मार्गदर्शन में चल रहे 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड की सुदना पूर्वी पंचायत में घरेलू हिंसा उन्मूलन, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा पोक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में पीएलवी अनिता मिंज ने महिलाओं के अधिकारों और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए कई कानून बनाए गए हैं। उन्होंने पोक्सो अधिनियम के तहत बच्चों के संरक्षण से जुड़े प्रावधानों की भी विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बाल विवाह को सामाजिक कलंक बताते हुए कहा कि इसके गंभीर दुष्परिणाम होते हैं। बाल विवाह की रोकथाम समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा निःशुल्क विधिक सहायता संबंधी प्रावधानों की भी जानकारी दी।

अनिता मिंज ने बताया कि जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उन्हें डालसा के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है, ताकि समाज का कोई भी कमजोर एवं वंचित व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे।

पीएलवी इंदुवाला देवी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीएलवी मंजू कुमारी, पूनम कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सिविल सर्जन सभागार से निकली जागरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन सभागार में तंबाकू सेवन के खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम के बाद जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तंबाकू के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराएगी।

सिविल सर्जन कार्यालय के प्रतिनिधियों ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। वक्ताओं ने विशेष रूप से निम्नलिखित स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डाला। मुंह, दांत व मसूड़ों के रोगः तंबाकू सेवन मुंह का कैंसर, पायरिया और दांतों के सड़ने जैसे रोगों का प्रमुख कारण है। तंबाकू के कारण फेफड़े का कैंसर, सीओपीडी और अस्थमा जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

तंबाकू सेवन से रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जिससे टीबी और अन्य संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है।

सिविल सर्जन कार्यालय ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे तंबाकू का सेवन छोड़कर स्वस्थ

# दहेज और महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता अभियान, मातृत्व संघ ने महिलाओं को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** हाल के दिनों में दहेज प्रथा और महिला उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं से चिंतित मातृत्व संघ पलामू की टीम ने शनिवार को बंदुआ गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों, कानूनी सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

संस्था की संस्थापक पूजा रत्नाकर ने कहा कि महिलाओं को किसी भी प्रकार का अत्याचार नहीं सहना चाहिए, लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियों को ससुराल को अपना घर समझना चाहिए, परंतु किसी भी प्रकार की प्रताड़ना का खुलकर विरोध करना चाहिए।

मातृत्व संघ पलामू की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने अभिभावकों से अपील की कि विवाह के बाद भी वे अपनी बेटियों से लगातार संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि बेटी किसी प्रकार की प्रताड़ना की जानकारी दे, तो उसे तत्काल सहयोग प्रदान करें और समाज की परवाह किए बिना उसके साथ खड़े रहें।

उपसचिव रानू सिन्हा ने कहा कि बेटा और बेटी दोनों समान हैं। बेटियों को शिक्षित, आत्मनिर्भर और मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ जीवनयापन कर सकें।

अधिवक्ता सुधा पांडे ने महिलाओं एवं बच्चियों को विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कानून मौजूद हैं। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, फैमिली कोर्ट तथा अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए महिलाओं से किसी भी परिस्थिति में हिम्मत नहीं हारने की अपील की। संघ की समन्वयक मंजू चंद्रा और शिक्षिका रीता सिन्हा ने भी महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा अन्याय का विरोध करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचायत परिषद सदस्य सरिता देवी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम सभी पंचायतों में आयोजित होने चाहिए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बंदुआ पंचायत के मुखिया दीनानाथ मांझी, छात्र नेता विनीत पांडे तथा ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं, किशोरियां और ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# डॉ. मिथिलेश कुमार पर हमले की चिकित्सा संगठनों ने की कड़ी निंदा



- दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पाटन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार पर 28 मई 2026 की रात ड्यूटी से लौटने के दौरान हुए हमले की राज्यभर के चिकित्सा संगठनों ने कड़ी निंदा की है। इस संबंध में जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह घटना केवल एक चिकित्सक पर हमला नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र और समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करती है।

विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. मिथिलेश कुमार को रास्ते में रोककर गंभीर रूप से मारपीट की गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वर्तमान में उनका इलाज रांची में चल रहा है। घटना को गंभीर बताते हुए झारखंड की चिकित्सा बिरादरी, जिसमें आईएमए तथा विभिन्न पारा-मेडिकल कर्मचारी संगठन शामिल हैं, ने एकजुट होकर कई मांगें उठाई हैं। संगठनों ने घटना की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने, दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी कर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# रामपुर गोलीकांड के बाद क्षत्रिय महासभा का दौरा, निष्पक्ष जांच की मांग

- महिलाओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रामपुर में जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी की घटना के बाद अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने घटना पर चिंता जताते हुए पीड़ितों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संजय सिंह ने कहा कि घटना के बाद गांव में भय और असुरक्षा का माहौल है, विशेषकर महिलाओं और बच्चियों में दहशत व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कानूनसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जांच किसी भी प्रकार के राजनीतिक या बाहरी दबाव से मुक्त होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने 5 जून को प्रस्तावित आक्रोश रैली के मद्देनजर प्रशासन से विशेष सतर्कता बरतने की मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। महासभा ने विवादित जमीन से संबंधित दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की भी मांग की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पुलिस कार्रवाई के दौरान महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के आरोपों की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दौरे के दौरान महासभा के नेताओं ने विभिन्न समुदायों से मिलकर आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। मौके पर संगठन के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।

### एसआईआर अभियान के तहत कामता पंचायत में चलाया गया जागरूकता अभियान

**चंदवा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने और अनमैप्ड मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए कामता पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया गया। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने रविवार को चटुआग गांव पहुंचकर ग्रामीणों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 और 24 मई 2026 को प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई थी, जिसमें ऐसे मतदाताओं के नाम शामिल हैं जो अब तक प्रक्रिया से नहीं जुड़ पाए हैं। उन्होंने ग्रामीणों के बीच सूची पढ़कर सुनाई और अपने नाम की जांच करने का आग्रह किया।

# कंकारी पंचायत में विश्व हिंदू परिषद समिति का पुनर्गठन

- हीरा चौधरी बने पंचायत अध्यक्ष, पवनदेव कुमार को मिली बजरंग दल संयोजक की जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कंकारी पंचायत मुख्यालय में रविवार को विश्व हिंदू परिषद की एक बैठक आयोजित कर पंचायत समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई।

विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत समिति सदस्य सह पलामू जिला पालक दामोदर मिश्र ने बताया कि बैठक में जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता जिला प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रखंड अध्यक्ष देवराज शर्मा ने कंकारी पंचायत के लिए नई पंचायत समिति की घोषणा की। घोषित नई समिति के अनुसार हीरा चौधरी को विश्व हिंदू परिषद का पंचायत अध्यक्ष, नन्हकू चौधरी को पंचायत मंत्री तथा पवनदेव कुमार को बजरंग दल का पंचायत संयोजक मनोनीत किया गया।

जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, जिला मंत्री अमित तिवारी एवं जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में प्रखंड संरक्षक सरयू प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद, प्रखंड मंत्री घनश्याम गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, रामेश्वर चौधरी, सुजीत चौधरी, प्रमोद चौधरी, बबलू चौधरी, दीपचंद चौधरी, नंदू चौधरी, विपिन चौधरी, सोनू कुमार चौधरी, गोपाल चौधरी, नरेश चौधरी, रविंद्र चौधरी, महावीर चौधरी, उपेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रोजेक्ट भारत सम्मेलन में 250 प्रतिनिधि सम्मानित, ग्रामीण विकास पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप रविवार को दि आर्ट ऑफ लिविंग के प्रोजेक्ट भारत के तहत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 250 प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दि आर्ट ऑफ लिविंग के कर्मयोग विभाग के निदेशक जयचंद्रन ने कहा कि प्रोजेक्ट भारत का उद्देश्य गांवों को समृद्ध, शिक्षित, स्वस्थ और सुरक्षित बनाना है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास से ही देश की प्रगति संभव है। उन्होंने प्रतिनिधियों से सेवा, नेतृत्व और जनजागरण की भावना के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में सिमरिया विधायक जनार्दन पासवान, विधायक उज्ज्वल दास और जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने कहा कि दि आर्ट ऑफ लिविंग का ज्ञान समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। कार्यक्रम में युवाओं को कौशल विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योग, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन का संदेश दिया गया। मौके पर प्रवीण कुमार, बेबी कुमारी, सोनाराम महतो, निखिल राज, दीपक कुमार, विकास कुमार स्नेही, डॉ. उमेश कुमार, प्रेमचंद यादव, मनोज कुमार कुशवाहा, कपिल कुमार, संगीता कुमारी, रेणु रीना, महेंद्र दांगी, गौरीशंकर दांगी, तिलेश्वर राणा, संजय तिवारी, दिनेश प्रसाद सिंह, मुसाफिर कुशवाहा और विनोद दांगी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लातेहार पुलिस ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**लातेहार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को लातेहार पुलिस द्वारा पुलिस लाइन सहित जिले के विभिन्न थाना परिसरों और पुलिस प्रतिष्ठानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने तंबाकू तथा निकोटीन युक्त उत्पादों के सेवन से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने शपथ ली कि वे स्वयं तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियों समेत कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का प्रमुख कारण है। इससे बचाव के लिए जन-जागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है। पुलिस अधिकारियों ने स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी की सहभागिता पर जोर देते हुए लोगों से तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और नशे जैसी घातक आदतों से दूर रहने का संदेश दिया गया।

# विहंगम योग सत्संग में सद्गुरु सेवा और गौसेवा का संदेश

- विशेष सत्संग समारोह आयोजित, संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज का ऑनलाइन संबोधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला शाखा द्वारा रविवार को स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गोविंद भवन में विशेष सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं संस्थान के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज का ऑनलाइन आध्यात्मिक संबोधन हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संदेशों के माध्यम से श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए आध्यात्मिक जीवन, सद्गुरु भक्ति और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।



समारोह की शुरुआत अतिथियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा सद्गुरु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने मानव जीवन के सर्वांगीण विकास में विहंगम योग की भूमिका तथा सद्गुरु सेवा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी आश्रम से पधारे प्रचारक सुशील मिश्रा ने कहा कि सद्गुरु की कृपा से साधक को आत्मबोध और आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सांसारिक सुख क्षणिक होता है, जबकि आत्मिक सुख शाश्वत और स्थायी है। सद्गुरु सेवा को दुर्लभ बताते हुए उन्होंने कहा कि सेवा भाव से ही सद्गुरु प्रसन्न होते हैं और उनकी प्रसन्नता में ही शिष्य का कल्याण निहित है।

उन्होंने कहा कि विहंगम योग संस्थान केवल आध्यात्मिक जागरण का ही कार्य नहीं करता, बल्कि समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से भी सेवा गतिविधियां संचालित करता है। भारतीय संस्कृति और संस्कार आधारित शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए संस्थान द्वारा गुरुकुलों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने गुरुकुलों के विकास एवं संचालन में समाज की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रचारक सुशील मिश्रा ने गौसेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गौमाता की सेवा सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से दृढ़ संकल्प के साथ गुरुकुल और गौशाला के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना, आरती और शांति पाठ के साथ हुआ। समारोह में संस्थान के झारखंड प्रदेश महामंत्री ललित सिंह, नीरज पांडेय, नंदलाल पासवान, प्रधान संयोजक भानु प्रताप देव, जिला संयोजक राम गोविंद यादव, ओंकार नाथ पाठक, रामपति राम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चला जागरूकता अभियान



**रमना।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और इसके नियंत्रण के उपायों पर चर्चा की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिषेक ने कहा कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है और इसके सेवन से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में बीपीएम राजीव रंजन, बीपीएम संजय कुमार गुप्ता, स्वास्थ्यकर्मी एवं स्वास्थ्य सहियाएं उपस्थित थीं।

### हासनदाग बालू घाट का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

# बिना चालान बालू उठाव की आशंका, अव्यवस्था पर मुखिया से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण

नवीन मेल संवाददाता



**मेराल।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने रविवार को हासनदाग बालू घाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर बालू उठाव करते पाए गए। हालांकि एसडीएम के पहुंचते ही दस से अधिक ट्रैक्टर चालक बालू नदी में ही पलटकर मौके से फरार हो गए, जबकि तीन चालकों ने पंचायत द्वारा जारी चालान प्रस्तुत किया। निरीक्षण में पाया गया कि बालू उठाव और चालान निर्गत करने से संबंधित कोई समुचित अभिलेख घाट पर उपलब्ध नहीं था। यह भी जानकारी मिली कि संबंधित मुखिया द्वारा अपने आवास से ही चालान जारी किया जाता है। एसडीएम ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि घाट पर स्पष्ट अभिलेख होना चाहिए कि किसके नाम चालान जारी हुआ है और कौन बालू का परिवहन कर रहा है। उन्होंने लोगों से पंचायत द्वारा निर्धारित 100 रुपये का वैध चालान कटवाने के बाद ही बालू उठाव करने की अपील की। घाट पर बिना पंजीकरण संख्या वाले कुछ ट्रैक्टर भी पाए गए, जिस पर एसडीएम ने भविष्य में कड़ी कार्रवाई और भारी जुर्माने की चेतावनी दी। अव्यवस्था को गंभीर मानते हुए संबंधित मुखिया से कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही गई है।

## सिसरी वीयर मध्यम सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने रविवार को सिसरी गांव में सिसरी वीयर मध्यम सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। जल संसाधन विभाग की इस योजना पर 48.44 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास और किसानों की सुविधाओं के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सिसरी सूर्य मंदिर को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने की मांग विधानसभा में उठाई गई है। साथ ही पंडा नदी पर पुल निर्माण और बैरी मोड़ से सिसरी तक सड़क निर्माण का डीपीआर तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में अब तक बिजली नहीं पहुंची है, वहां जल्द विद्युतीकरण कराया जाएगा। खराब ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, विधायक प्रतिनिधि हिफाजत अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## दृष्टिपात

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता को जागरूक होने की जरूरतः चंद्रावती देवी



**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने क्षेत्र की जनता से भ्रष्टाचार के खिलाफ सजग रहने और किसी भी सरकारी कार्य के लिए बिचौलियों को पैसा नहीं देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज, ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट, राशन, पेंशन, मनरेगा या अन्य सरकारी कार्यों के नाम पर यदि कोई कर्मचारी, पदाधिकारी या बिचौलिया अवैध राशि की मांग करता है तो उसकी शिकायत तत्काल उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से करें। प्रमुख ने कहा कि जनता की जागरूकता ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से सीधे कार्यालयों में संपर्क कर अपने कार्य कराने और किसी भी दलाल के झांसे में नहीं आने की अपील की। साथ ही पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन के निर्माण में जनसहभागिता को जरूरी बताया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चिनियां थाना में जागरूकता अभियान



**चिनियां।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर चिनियां थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी बिक्कु कुमार रजक के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा समाज को जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम में तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों और इसके सामाजिक दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशे से दूरी जरूरी है तथा जागरूकता ही इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशामुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

### अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती पर उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के समीप स्थित पाल डिस्ट्रीब्यूटर परिसर में रविवार को पाल समाज के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा अहिल्याबाई होलकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता घुरा पाल तथा संचालन जितेंद्र पाल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वार्ड सात के पार्षद एवं पाल संघ के संरक्षक राजेंद्र पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने एक साधारण किसान परिवार से निकलकर कुशल प्रशासक, समाज सुधारक और जनकल्याणकारी शासक के रूप में इतिहास में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए किए गए उनके कार्य आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं। महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिलाने तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए थे। वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, प्रशासनिक दक्षता और जनसेवा की भावना पर प्रकाश डालते हुए लोगों से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रामनाथ पाल, उपेंद्र पाल, अजय प्रसाद गुप्ता, दीपक पाल, मुन्ना पाल, अशोक पाल, अनिकराज पाल, गुड्डू पाल, दीपल पाल, विमलेश पाल, राजकुमार कश्यप, युगेश पाल, संतोष पाल सहित बड़ी संख्या में पाल समाज के लोग उपस्थित थे।

### ए.के. सिंह कॉलेज में शिक्षकेतर कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**हुसैनाबाद।** ए.के. सिंह कॉलेज, जपला में शिक्षकेतर कर्मचारियों और महाविद्यालय प्रशासन के बीच चल रहा विवाद गहराता जा रहा है। शिक्षकेतर कर्मचारियों द्वारा 30 मई से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारी सचिव की कथित दमनकारी कार्यशैली तथा प्रभारी प्राचार्य के व्यवहार के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। धरना स्थल पर कर्मचारियों ने 'अन्याय नहीं सहेंगे' और 'सम्मान दो, अधिकार दो' जैसे नारे लगाते हुए अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से वेतनमान, सेवा शर्तों और कार्यस्थल पर सम्मानजनक व्यवहार की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। धरनारत कर्मियों का आरोप है कि हाल के प्रशासनिक निर्णयों और वेतनमान संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर उनकी आपत्तियों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। उनका कहना है कि समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कर्मचारियों ने प्रभारी प्राचार्य के व्यवहार को लेकर भी असंतोष जताया है। वहीं, प्रभारी प्राचार्य डॉ. रामसुभग सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कर्मचारियों के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि धरना कार्यक्रम पूरी तरह बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित है। उनके अनुसार शासी निकाय महाविद्यालय की सर्वोच्च संस्था है और उसके निर्णय सभी के लिए मान्य हैं। प्राचार्य ने कहा कि शासी निकाय ने कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए मानदेय व्यवस्था के स्थान पर वेतनमान लागू किया है। यह व्यवस्था अधिक पारदर्शी और नियमसम्मत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ कर्मचारी नियमों के अनुरूप कार्य नहीं करना चाहते, इसलिए वे विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरना देना कर्मचारियों का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन कॉलेज परिसर में बिना पूर्व अनुमति धरना आयोजित करना उचित नहीं है। वर्तमान में महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाएं संचालित हो रही हैं और परिसर में प्रदर्शन से शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। फिलहाल दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर कायम हैं और किसी औपचारिक वार्ता या समाधान की सूचना नहीं है। कॉलेज परिसर में जारी इस गतिरोध पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## विधायक ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर जताई संवेदना

**खरौंधी (गढ़वा)।** भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने रविवार को मझिगांवां और चंदनी गांव पहुंचकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। विधायक मझिगांवां निवासी स्वर्गीय प्रिंस कनौजिया के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। महाराष्ट्र में उनके असामयिक निधन पर उन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद चंदनी गांव पहुंचकर विनोद यादव की माता स्वर्गीय भौली देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार घायल, तीन रेफर

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के मसरा गांव स्थित लिखनी पत्थर के समीप रविवार सुबह दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार बिलैती खैर गांव निवासी दुर्गेश यादव अपनी भांजी नीलम कुमारी एवं कोमल यादव के साथ छत्तीसगढ़ से लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर मेराल थाना क्षेत्र के सुगवा दामर गांव निवासी गोरख भुइंया एवं एक अन्य युवक सवार थे। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से चिनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां एएनएम बबीता कुमारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायल दुर्गेश यादव, नीलम कुमारी और गोरख भुइंया को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए 24 घंटे डॉक्टर की तैनाती की मांग की।

## अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

- छापेमारी में 100 किलो जावा महुआ नष्ट, शराब माफियाओं में हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में रविवार को थाना प्रभारी बिक्कु कुमार रजक के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान करीब 100 किलोग्राम जावा महुआ एवं शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाकर शराब निर्माण से जुड़े सामानों को जब्त किया तथा ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# लाखों की लागत से बने तहसील कचहरी भवन बने शोपीस

### केतार और पाचाडुमर में वर्षों से लटके हैं ताले, ग्रामीणों को नहीं मिल रही सुविधा

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** और पाचाडुमर में लाखों रुपये की लागत से निर्मित तहसील कचहरी सह आवास भवन उपयोग के अभाव में बदहाल होते जा रहे हैं। करीब 55 लाख रुपये की लागत से बने इन भवनों का उद्देश्य राजस्व कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर पदस्थापित कर ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना था, लेकिन वर्षों बाद भी भवनों पर ताले लटके हुए हैं। भवनों में कार्यालय, आवास, शौचालय, पेयजल और चारदीवारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बावजूद इसके इनका उपयोग नहीं हो रहा है। रखरखाव के अभाव में भवनों के आसपास झाड़ियां उग आई हैं और परिसर धीरे-धीरे जर्जर होता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है। इस संबंध में अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि पाचाडुमर भवन का हैंडओवर मिलते ही वहां कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जबकि केतार भवन में भी जल्द राजस्व कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

## नशा मुक्ति और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ निकाली रैली

**रमना।** पंचायत के गोसाई बाग में रविवार को नशा मुक्ति, अशिक्षा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के दौरान लोगों ने "घर-मकान बनाना है, बाल-बच्चों को पढ़ाना है तो दारू-पानी छोड़ना होगा" जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। रैली विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी। ग्रामीणों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। दो सप्ताह पूर्व गांव के युवाओं ने नशा विरोधी अभियान शुरू किया था, जिसके तहत शराब बनाने, बेचने और सेवन करने के खिलाफ सामूहिक निर्णय लिया गया है।

## भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए राहत बनी आजीविका महिला संकूल संगठन

नवीन मेल संवाददाता



**रंका।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जेएसएलपीएस से जुड़े आजीविका महिला संकूल संगठन ने मानव सेवा की मिसाल पेश की है। रंका कला पंचायत सचिवालय परिसर में राहगीरों की सुविधा के लिए प्याऊ (जल सेवा केंद्र) की शुरुआत की गई, जहां लोगों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल के साथ गुड़ और बताशा वितरित किया गया। बीपीएम मोनिका केशरी के निर्देश पर आयोजित इस जनहितकारी पहल का शुभारंभ आजीविका मिशन से जुड़े पदाधिकारियों और महिला समूह की सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडा पानी पिलाया गया। मौके पर सीसी ध्रुव पाण्डेय, एलएच बीआरपी सत्येंद्र कुमार, एफटीसी सुदामा कुमार रवि, बीएलई मोहित कुमार चौधरी तथा पीएलवी सह समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार मौजूद रहे। वहीं पूनम देवी, आशा देवी, बिंदी देवी और रेखा देवी ने राहगीरों की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## तेली साहू समाज की ऐतिहासिक बैठक में डंडई प्रखंड कमेटी का गठन

**डंडई।** गढ़वा जिला तेली साहू समाज के नेतृत्व में रविवार को जरही गांव में आयोजित बैठक में डंडई प्रखंड तेली साहू समाज की नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक में नौ पंचायतों से आए लगभग 300 से 400 समाजबंधुओं ने भाग लिया। सर्वसम्मति से राजेश प्रसाद गुप्ता को प्रखंड अध्यक्ष, संतोष प्रसाद गुप्ता को उपाध्यक्ष, पूजा गुप्ता को महिला प्रखंड अध्यक्ष, राहुल प्रसाद गुप्ता को युवा प्रखंड अध्यक्ष, गोपाल साहू को महामंत्री तथा नंदू प्रसाद गुप्ता को सचिव चुना गया। इसके अलावा अन्य पदों पर भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, संरक्षक डॉ. राकेश रंजन गुप्ता, मानिकचंद साहू, मुकेश कुमार गुप्ता, टिंकू गुप्ता, प्रो. अरविंद प्रसाद गुप्ता सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रामपुर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर क्षत्रिय महासभा की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में हुई हिंसक घटना को लेकर बंशीधर क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों ने घटना की निष्पक्ष जांच कर सभी तथ्यों को सामने लाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि मामले को एकतरफा ढंग से प्रस्तुत कर राजपूत समाज की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि विवादित भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज संबंधित परिवार के पास उपलब्ध हैं और जांच पूरी होने से पहले किसी भी पक्ष को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। बैठक में आरोप लगाया गया कि घटना से पूर्व तीन नाबालिग बच्चों को बंधक बनाया गया था, जिसके बाद तनाव बढ़ा और हिंसक झड़प हुई। संगठन ने प्रशासन से सभी साक्ष्यों, भूमि दस्तावेजों और दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर निष्पक्ष जांच की मांग की। बैठक में अध्यक्ष इंदल सिंह समेत कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## श्री बंशीधर नगर में भीषण अग्निकांड अनिल सर्विस सेंटर जलकर राख

- मोटरसाइकिल पार्ट्स और सामान खाक, 6 लाख रुपये तक के नुकसान का अनुमान

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** नगर स्थित डॉ. सिद्धनाथ क्लिनिक के सामने संचालित अनिल सर्विस सेंटर में रविवार तड़के भीषण आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। आग में मोटरसाइकिल के स्पेयर पार्ट्स, ग्रीस और अन्य सामान पूरी तरह खाक हो गए। दुकान संचालक अनिल दास ने बताया कि सुबह करीब चार बजे उन्हें आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन अधिकांश सामान बचाया नहीं जा सका। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना में पांच से छह लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष साधना देवी ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया।

### सरस्वती नदी सफाई अभियान का शुभारंभ, जेसीबी से शुरू हुई सफाई

# अभियान को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए समाज से सहयोग की अपील : सीओ

नवीन मेल संवाददाता



**मेराल।** "आपन सरस्वती नदी सफाई अभियान" की शुरुआत रविवार को प्रभारी बीडीओ सह सीओ यशवंत नायक के नेतृत्व में की गई। अभियान के तहत पुरानी बाजार पुल के समीप जेसीबी मशीन लगाकर नदी की सफाई शुरू कराई गई। ज्ञात हो कि एसडीएम संजय कुमार पांडेय द्वारा नदी का निरीक्षण किए जाने के बाद समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों के साथ बैठक हुई थी। इसके उपरांत सीओ यशवंत नायक के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया और एसडीएम के मार्गदर्शन में यह अभियान धरातल पर उतारा गया। सफाई अभियान के शुभारंभ पर सीओ यशवंत नायक, मुखिया रामसागर महतो, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राम, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन, पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय भगत, झामुमो नेता अतहर अली अंसारी, व्यवसायी संघ अध्यक्ष नवीन जायसवाल, धनंजय चौधरी, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, रोहित कुमार, थाना के सुमर तिवारी, रूपु महतो, मोबीन अंसारी, अमीन रविकांत पांडेय, अशोक प्रजापति समेत कई लोग उपस्थित थे। सीओ ने कहा कि इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए सभी के सहयोग से अभियान शुरू किया गया है और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की।

## हवन और भंडारे के साथ संपन्न हुई पांच दिवसीय श्री शिव पुराण कथा

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री महावीर मंदिर एवं दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिव पुराण कथा का समापन रविवार को हवन और भंडारे के साथ हुआ। कथा के दौरान क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, शामिल हुईं। महावीर मंदिर परिसर में पुरोहितों द्वारा तथा दुर्गा मंडप में पंडित अजय मिश्रा के नेतृत्व में कथा वाचन कराया गया। कथा में भगवान शिव की महिमा, उनके आदर्शों और मानव जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# तंबाकू का सेवन जानलेवा, परिवार को भी करता है आर्थिक व मानसिक रूप से कमजोर : पीडीजे



● विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डीएलएसए ने चलाया जागरूकता अभियान, दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के तत्वावधान में तंबाकू निषेध जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने की।

शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। यह न केवल गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, बल्कि व्यक्ति और उसके परिवार को आर्थिक तथा मानसिक रूप से भी कमजोर कर देता है। उन्होंने लोगों से अपने घर, कार्यस्थल और समाज को तंबाकू मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और विधिक स्वयंसेवकों को तंबाकू सेवन से दूर रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों, थाना परिसरों, पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी, डीएलएसए कर्मी, पीएलवी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोमर मोड़ के पास बेलगाम हाइवा वाहनों के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

# दो घंटे तक स्टेट हाइवे जाम

● तेज रफ्तार, धूल-प्रदूषण और सुरक्षा मानकों की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** तुबेद कोलियरी से रेलवे साइडिंग तक संचालित हाईवा वाहनों की तेज रफ्तार, धूल-प्रदूषण और सुरक्षा मानकों की कथित अनदेखी के विरोध में रविवार को कोमर मोड़ के पास ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे तक स्टेट हाईवे जाम कर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र से गुजरने वाले हाईवा वाहन निर्धारित गति सीमा का पालन नहीं करते हैं। सड़क पर स्पीड ब्रेकर बने होने के बावजूद वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क किनारे रहने वाले लोगों को दिन-रात भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय हाईवा वाहनों की तेज आवाज से लोगों की नींद प्रभावित होती है। वहीं वाहनों के आवागमन से उड़ने वाली धूल के कारण आसपास के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने, वाहनों की गति नियंत्रित करने तथा सड़क किनारे रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से वार्ता की। संबंधित पक्षों द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया, जिससे यातायात सामान्य हो सका।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में और व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रबंधन और प्रशासन की होगी।

# घायल बच्चे को न्याय और ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

● कोयला परिवहन दुर्घटना के बाद नवादा में ग्रामीणों की बैठक, कंपनी व प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हेरहंज/बालूमाथ (लातेहार)।** नवादा ग्राम में रविवार को ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें 27 मई को कोयला परिवहन के दौरान हुई दुर्घटना, ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमों तथा क्षेत्र में कोयला ढुलाई से उत्पन्न सुरक्षा संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नवादा समेत आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि 27 मई की शाम को कोयला परिवहन कर रहे एक हाईवा वाहन से कोयले का बड़ा टुकड़ा (बोल्डर) गिर गया था, जिसकी चपेट में आने से एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से सुरक्षा और न्याय की मांग उठाई, लेकिन दोषी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय विरोध कर रहे ग्रामीणों पर ही मुकदमे दर्ज कर दिए गए। इससे क्षेत्र में असंतोष और आक्रोश का माहौल है।

ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मांग की कि घायल बच्चे के बेहतर इलाज और उचित मुआवजे की व्यवस्था की जाए। साथ ही दुर्घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों एवं संबंधित कंपनी प्रबंधन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई कि उन पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए।

बैठक में कोयला परिवहन की वैधता पर भी सवाल उठाए गए। ग्रामीणों ने कंपनी के परिवहन मार्ग, परमिट तथा अन्य आवश्यक स्वीकृतियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उनका कहना था कि यदि संबंधित मार्ग से कोयला परिवहन की वैध अनुमति नहीं है, तो गांव की सड़क से कोयला ढुलाई तत्काल बंद कराई जाए और कंपनी को वैकल्पिक मार्ग विकसित करने का निर्देश दिया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि ग्रामीण केवल अपनी सुरक्षा, सम्मान और न्याय की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल बच्चे को न्याय दिलाने के बजाय यदि ग्रामीणों की आवाज को मुकदमों के जरिए दबाने का प्रयास किया जाता है, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ होगा।

उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और निर्दोष ग्रामीणों को न्याय दिलाने की मांग की। अनीता देवी ने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा।

बैठक में जिला परिषद प्रतिनिधि शिवनाथ रजक, विजय उरांव, सांसद प्रतिनिधि देवनंदन साहू, विकास कुमार, नवादा पंचायत की मुखिया, किशुन भुइयां, बिट्टू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बीएस कॉलेज में तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्त समाज का संकल्प




● एनएसएस इकाई के कार्यक्रम में तंबाकू के दुष्प्रभावों पर दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बनवारी साहू महाविद्यालय (बीएस कॉलेज) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी.के. तिवारी ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में विद्यार्थियों ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# बारियातू थाना परिसर में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को बारियातू थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने किया।

इस अवसर पर थाना परिसर में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही समाज को नशामुक्त बनाने और लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित कई जानलेवा रोगों का कारण बनता है। इसका असर व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और सामाजिक जीवन पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पुलिसकर्मी ही पूरी निष्ठा और सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकता है।

उन्होंने पुलिसकर्मियों से स्वयं नशे से दूर रहने और समाज में जन-जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एसआई जितेंद्र कुमार, अनुप कुमार, एएसआई छोटू पंडा, संतोष कुमार पाठक, राजकिशोर प्रसाद, दिनेश कुमार, खुशदिल अंसारी, सुनील कुमार सहित थाना परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चंदवा थाना में जागरूकता कार्यक्रम

**चंदवा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर चंदवा थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना के पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। इसका दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होते हैं। उन्होंने लोगों से नशामुक्त जीवन अपनाने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ समाज और नशामुक्त वातावरण का संदेश दिया गया।

# महाभंडारे के साथ संपन्न हुई सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

● हवन, पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड की सेरक पंचायत स्थित किता गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा रविवार को हवन, पूर्णाहुति और महाभंडारे के साथ संपन्न हो गई। 25 मई से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रीमद्भागवत पाठ, पूजा-अर्चना और प्रवचन का आयोजन किया गया। अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न कराई गई, जिसके बाद महाभंडारे का आयोजन हुआ। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति और मानव जीवन के आदर्श मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के आचार्य पंडित अनुज पाठक थे। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य यजमान रवि भूषण पाठक, सरस्वती देवी तथा उनके परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कुंदा में जागरूकता शिविर आयोजित

**कुंदा (चतरा)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के निर्देश पर कुंदा में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। अधिकार मित्रों ने बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। साथ ही सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, नाबालिगों को तंबाकू बिक्री तथा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिक्री पर प्रतिबंध की जानकारी दी गई। अधिकार मित्र अजित कुमार ने कहा कि तंबाकू का दुष्प्रभाव केवल सेवन करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आसपास के लोगों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

# सेवानिवृत्त हुए जिला जज संजय कुमार दुबे, सुनील दत्त द्विवेदी ने संभाला पदभार

● न्यायिक अधिकारियों ने दी भावभीनी विदाई, योगदान को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** व्यवहार न्यायालय, लातेहार के जिला जज संजय कुमार दुबे के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्होंने अपना पदभार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनील दत्त द्विवेदी को सौंपा। इसके साथ ही सुनील दत्त द्विवेदी ने जिला जज तृतीय का कार्यभार ग्रहण किया।

विदाई समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उन्होंने न्यायिक सेवा के दौरान निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा और कार्यकुशलता का उत्कृष्ट परिचय दिया।

कार्यक्रम में अन्य न्यायिक अधिकारियों ने भी उनके योगदान की सराहना की। नवनियुक्त जिला जज तृतीय सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा कि संजय कुमार दुबे अपने सरल व्यक्तित्व और न्याय के प्रति समर्पण के लिए सदैव याद किए जाएंगे। समारोह में न्यायालय के विभिन्न न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त जिला जज संजय कुमार दुबे को अधिवक्ताओं ने दी भावभीनी विदाई



**लातेहार।** व्यवहार न्यायालय, लातेहार में पदस्थापित जिला जज द्वितीय संजय कुमार दुबे के सेवानिवृत्त होने पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें भावभीनी विदाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने कहा कि न्याय के प्रति श्री दुबे का समर्पण हमेशा स्मरणीय रहेगा। वरीय अधिवक्ता समसुल कमर खान ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मामलों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता दी और न्यायिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया। अधिवक्ता सुनील कुमार ने उन्हें निष्पक्ष न्याय का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका कार्यकाल लातेहार न्यायपालिका के लिए उल्लेखनीय रहा। अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष वासुदेव पांडेय ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं अधिवक्ता प्रदीप कुमार उपाध्याय, मिथिलेश कुमार, उपेंद्र कुमार, अमित कुमार गुप्ता, अमूल्या रंजन, अस्मिता एक्का और राजा कुमार सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बुके भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# दृष्टिपात

## दो बाइकों की टक्कर में नाना-नाती समेत तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य मार्ग पर ओल्हेपाट गांव के समीप रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में नाना-नाती समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के सेरक गांव निवासी सोमा लकड़ा (50), उनकी पुत्री रश्मि कुमारी (24) तथा रश्मि के तीन वर्षीय पुत्र आयुष लकड़ा के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. खुशबू कुमारी की देखरेख में उनका उपचार किया गया। दुर्घटना में घायलों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## खोटाही पुल के समीप कोयला लदा हाइवा पलटा

**गिद्धौर (चतरा)।** चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर गिद्धौर थाना क्षेत्र के खोटाही पुल के समीप रविवार सुबह कोयला लदा एक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में चालक सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार, हाइवा चट्टी बारियातू से कोयला लेकर कटकमसांडी डंपिंग यार्ड जा रहा था। सुबह करीब नौ बजे चालक को झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर गिद्धौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि वाहन को क्षति पहुंची है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर परिसर में शपथ ग्रहण

**बालूमाथ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को बालूमाथ थाना परिसर में जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास ने किया। इस दौरान थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों ने तंबाकू का सेवन नहीं करने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ ली। थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। विशेष रूप से मुख कैंसर के मामलों में तंबाकू की भूमिका प्रमुख होती है। उन्होंने लोगों से तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूरी बनाकर स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में थाना के कई पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## टोरी फ्लाईओवर व पैसेंजर ट्रेन सेवा को लेकर सांसद गंभीर : प्रेम गुप्ता



**बालूमाथ।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह टोरी-शिवपुर रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन सेवा शुरू कराने तथा टोरी फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण को लेकर गंभीर हैं। सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद गुप्ता ने रविवार को जारी बयान में कहा कि सांसद लगातार इन मुद्दों को संबंधित विभागों के समक्ष उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांसद ने धनबाद रेल मंडल के डीआरएम से इस संबंध में बातचीत की है। टोरी-शिवपुर रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन परिचालन शुरू करने की दिशा में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कई स्टेशनों पर विस्तार एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास का कार्य भी किया गया है, ताकि जल्द यात्री ट्रेन सेवा बहाल हो सके। प्रेम गुप्ता ने कहा कि चुनाव के दौरान सांसद ने पैसेंजर ट्रेन सेवा और टोरी फ्लाईओवर निर्माण को प्राथमिकता देने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने कभी यह नहीं कहा था कि चुनाव जीतने के 100 दिनों के भीतर ट्रेन सेवा शुरू करा दी जाएगी। उन्होंने ऐसे दावों को अफवाह बताते हुए कहा कि विपक्षी तत्व सांसद की छवि धूमिल करने के लिए भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं और जनता के हितों को लेकर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## सोलर हाईमास्ट लाइट की लागत पर उठे सवाल, जांच की मांग

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड के नावाडीह स्थित दुर्गा मंडप के समीप विधायक निधि योजना से स्थापित सोलर हाईमास्ट लाइट की लागत को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। शिलालेख के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 2.54 लाख रुपये की लागत से यह कार्य कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थल पर लगाए गए पोल, सोलर पैनल और एलईडी लाइटों को देखकर लागत अपेक्षाकृत अधिक प्रतीत होती है। ऐसे में योजना के प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति और कार्यान्वयन प्रक्रिया की जांच आवश्यक है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग योजना का विस्तृत प्राक्कलन, उपयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा भुगतान संबंधी जानकारी सार्वजनिक करे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तकनीकी जांच कराने तथा किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## फ्लाईओवर निर्माण की मांग को लेकर 15 जून को माकपा निकालेगी पदयात्रा

**चंदवा।** टोरी-चंदवा फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण में हो रही देरी के विरोध में 15 जून को माकपा कार्यकर्ता और किसान पदयात्रा निकालेंगे। इसकी जानकारी पार्टी नेताओं अयुब खान, रसीद मियां और सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। नेताओं ने कहा कि वर्ष 2021 में परियोजना का शिलान्यास होने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार के साथ-साथ संबंधित विभागों की उदासीनता के कारण आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि परियोजना की लागत बढ़कर लगभग 119 करोड़ रुपये पहुंच गई है, जबकि टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। पदयात्रा के बाद अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान, तंबाकू मुक्त जीवन का दिलाया संकल्प




**सिमरिया (चतरा)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देश पर कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया की ओर से विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। लुतीडीह गांव के घोंघीबर टोला में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप और अन्य कई गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। कार्यक्रम में तंबाकू के आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई तथा जागरूकता पत्रक वितरित किए गए। वहीं, सिमरिया रेफरल अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीएन प्रसाद ने उपस्थित लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई।

### सेवा भारती का सराहनीय प्रयास

# शिविर में 43 लोगों की हुई निःशुल्क जांच

- चुन्नीलाल स्कूल में 207वें सप्ताह भी लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर
- सफलतापूर्वक पूरे हुए सेवा के 4 वर्ष, अब तक हजारों जरूरतमंद उठा चुके हैं लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**




**स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी: डॉ. मृत्युंजय**

चिकित्सक डॉ. मृत्युंजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस शिविर के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान के लोगों की सेवा करके अंतरात्मा को असीम प्रसन्नता मिलती है। उन्होंने आमजन को संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर के लिए समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराना बेहद जरूरी है, ताकि शरीर में पनप रही बीमारियों का समय रहते पता चल सके। वहीं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल और सचिव संजय चौधरी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को सुबह मात्र एक घंटे के लिए लगने वाले इस शिविर से लोग नियमित परामर्श पाकर स्वस्थ हो रहे हैं।

**लोहरदगा।** जिला सेवा भारती के तत्वावधान में स्थानीय चुन्नीलाल स्कूल परिसर में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का सिलसिला लगातार 207वें सप्ताह भी जारी रहा। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के सफलतापूर्वक 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को शिविर में पहुंचे सभी आगंतुकों और मरीजों के बीच टॉफी एवं चाबी की रिंग (की-रिंग) बांटकर खुशियां साझा की गईं। रविवार के शिविर में कुल 43 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी जांच कराकर निःशुल्क चिकित्सा लाभ उठाया। शिविर के दौरान मरीजों का हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट और ऑक्सीजन लेवल आदि की निःशुल्क जांच की गई। इसके अलावा जटिल रोगों की जांच के लिए रांची पैथोलॉजी के संचालक आशीष अग्रवाल के सौजन्य से मरीजों को आधे खर्च (50% छूट) पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने 1 जून 2022 से अनवरत चल रहे इस शिविर के 4 वर्ष पूरे होने पर सहयोगियों व शहरवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सर्दी, गर्मी या बरसात हो, हर मौसम में सहयोगियों की मदद से यह शिविर बिना रुके चल रहा है। उन्होंने निरंतर सेवा देने वाले डॉ. कुमुद अग्रवाल सहित डॉ. कैप्टन, डॉ. अंजलि सुमन, डॉ. मृत्युंजय कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार और नेत्र चिकित्सक बंटी कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में डॉ. मृत्युंजय कुमार की सेवाएं मिल रही हैं और यह शिविर आगे भी निरंतर जारी रहेगा। रविवार के इस शिविर को सफल बनाने में अतुल सर्राफ, जया मिश्रा, अंजलि सर्राफ, कौशिका देवी, संजय महतो, बाला देवी, तपेश्वर प्रसाद, सच्चिदानंद अग्रवाल, जुगल किशोर प्रजापति, कौशल्या देवी, विष्णु लोहार, हरि उरांव, आकाश कुमार, विजय अग्रवाल, मीना देवी, सेवक साहू, बिंदेश्वरी मिस्त्री, अनुप महतो, अशोक अग्रवाल, शंभू सिंह, माधुरी देवी, अनीता देवी, तुलसी उरांव, शोभा देवी, रमेश शर्मा, उदय कसेरा, रेणु देवी, राजू अग्रवाल, ममता बंका और हेमंत प्रजापति सहित कई अन्य गणमान्य लोग सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

### सिस्टम की बेरुखी पर भारी पड़ा ग्रामीणों का जज्बा

# बार-बार गुहार के बाद भी नहीं बनी सड़क, तो खुद ही कर डाला निर्माण

- भंडरा के वकील अम्बवा बस्ती के ग्रामीणों ने श्रमदान कर पेश की मिसाल, पझरी स्कूल मुख्य पथ को जोड़ा
- प्रमोद उरांव के नेतृत्व में कुदाल-फावड़ा लेकर जुटे ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासन के वादे रहे थे खोखले

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा (लोहरदगा)।** पंचायत और प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटने और बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब सड़क नहीं बनी, तो आखिरकार ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। व्यवस्था की अनदेखी से नाराज भंडरा प्रखंड के वकील अम्बवा बस्ती के ग्रामीणों ने किसी सरकारी मदद का इंतजार करने के बजाय खुद ही मोर्चा संभाल लिया। ग्रामीणों ने रविवार को सामूहिक श्रमदान कर वकील अम्बवा बस्ती से लेकर पझरी स्कूल मुख्य पथ तक कच्ची सड़क का निर्माण कर पूरे इलाके के सामने आत्मनिर्भरता की एक अनूठी मिसाल पेश की है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से वकील अम्बवा बस्ती से पझरी स्कूल मुख्य पथ तक जाने के लिए कोई सुगम रास्ता नहीं था। सड़क के अभाव में बरसात के दिनों में यह पूरा मार्ग कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाता था, जबकि गर्मियों में धूल के गुबार से लोगों का जीना मुहाल रहता था।

इस बदहाली के कारण सबसे ज्यादा फजीहत स्कूली बच्चों, प्रसव पीड़ित महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों को झेलनी पड़ती थी। ग्रामीणों ने इस बुनियादी समस्या को लेकर कई बार पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर प्रखंड कार्यालय तक लिखित आवेदन सौंपकर पक्की सड़क के निर्माण की गुहार लगाई, लेकिन हर बार उन्हें केवल खोखले आश्वासन ही नसीब हुए। सिस्टम की इसी उदासीनता के बीच सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद उरांव के नेतृत्व में रविवार को वकील अम्बवा बस्ती के ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अब वादों और आश्वासनों के भरोसे हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठा जाएगा, बल्कि ग्रामीण स्वयं अपने श्रमदान से रास्ता बनाएंगे। फैसले के तुरंत बाद ही गांव के दर्जनों पुरुष और महिलाएं कुदाल, फावड़ा, गैंता और टोकरी लेकर जुट गए। ग्रामीणों की घंटों की कड़ी मेहनत और सामूहिक इच्छाशक्ति का ही नतीजा रहा कि देखते ही देखते बस्ती से मुख्य पथ तक एक सुगम कच्ची सड़क बनकर तैयार हो गई।

**अपना रास्ता खुद बनाएंगे: प्रमोद उरांव**

सड़क निर्माण के बाद अभियान का नेतृत्व कर रहे प्रमोद उरांव ने कहा, "हमने जनप्रतिनिधियों और व्यवस्था का बहुत इंतजार किया, लेकिन जब हमारी बुनियादी मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों ने तय किया कि हम अपना रास्ता खुद बनाएंगे। हालांकि, यह सड़क अभी कच्ची है, लेकिन इससे हमारी तात्कालिक आवाजाही बेहद आसान हो गई है। अब हम सरकार और जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि ग्रामीणों के इस प्रयास का सम्मान करते हुए इस मार्ग पर जल्द से जल्द पक्की सड़क की स्वीकृति दी जाए।"

- **इनका रहा सराहनीय योगदान**

इस सराहनीय और सामूहिक श्रमदान अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से भौरा उरांव, सुकरु उरांव, महली उरांव, रजु उरांव, जयराम उरांव, सोमरा उरांव, राजकुमार उरांव और सुशील उरांव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने पसीना बहाया। कच्ची सड़क बन जाने से अब वकील अम्बवा बस्ती के लोगों को पझरी स्कूल, स्थानीय बाजार और मुख्य जिला सड़क तक पहुंचने में काफी सहूलियत होगी।

## इंटक का ऐतिहासिक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न होने पर यूनियन ने जताया आभार


**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आज संपन्न हुए छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन (इंटक) के महाधिवेशन की अभूतपूर्व सफलता पर यूनियन परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू एवं अध्यक्ष निशिथ जायसवाल ने अधिवेशन में पधारे हजारों-हजार मजदूर भाइयों-बहनों, झारखंड सहित अन्य राज्यों से आए इंटक के वरिष्ठ नेताओं एवं ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों,क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों, जिला स्तर के यूनियन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं,सभी मजदूरों, कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिस प्रशासन तथा अधिवेशन को जन-जन तक पहुंचाने वाले प्रेस एवं मीडिया के सभी साथियों का हृदय की गहराइयों से आभार एवं साधुवाद व्यक्त किया है।

निशीथ जायसवाल ने कहा कि किस्को की धरती पर उमड़ा यह जनसैलाब माइंस मजदूरों की ताकत और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने विशेष रूप से यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता जताई। जिनकी प्रेरणा से किसको की धरती पर मजदूर एकता का यह महाकुंभ संभव हुआ। उन्होंने कहा कि यूनियन आप सभी के इस स्नेह, समर्थन और सहभागिता के लिए कृतज्ञ है और भविष्य में भी मजदूर हित की लड़ाई में आपके सहयोग की अपेक्षा करती है।

## पेसा नियामवली को धरातल पर उतरे को लेकर विशेष चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला सचिव सुकेन्दर उरांव व जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव की अध्यक्षता में रविवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा ने एम0जी0रोड स्थित झखरा कुम्बा में पेसा नियामवली को धरातल पर कैसे प्रचार प्रसार हेतु कार्यरूप पर विशेष चर्चा की बैठक की गयी।
और साथ ही साथ सामाजिक पड़हा व्यवस्था के तहत महतो पहान एवं पुजारों को ग्रामीण स्तर पर क्या भूमिका होगी एवं धार्मिक, सामाजिक और भुंइहर जमीन की सुरक्षा पर कानूनी जानकारी देने के लिए 7,9,12,21,24 पड़हा स्तर पर पूराजोर अभियान के तहत कानूनी जानकारी दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव जालेश्वर उरांव, उपाध्यक्ष सोमे उरांव, कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, कोर कमिटी फूलदेव भगत, सुधू भगत, राजू उरांव सक्रिय सदस्य, मीडिया प्रवक्ता नूतन कच्छप, उपाध्यक्ष कृष्णा उरांव, बन्दे उरांव, प्रकाश उरांव, मनिषा उरांव, राजेन्द्र उरांव, महिला कमिटी जिलाध्यक्ष जयंती उरांव, बिसनी उरांव, राजमनी उरांव, प्रमिला उरांव, नीलम उरांव, मानकी उरांव समेत राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के पदाधिकारीगण विशेष रूप से मौजूद थे।

## भंडरा-चट्टी मुख्य पथ पर ऑटो पलटा, महिला गंभीर रूप से घायल

- थाना प्रभारी ने ग्रामीणों की मदद से घायल को पहुंचाया अस्पताल, प्राथमिक उपचार के बाद मिली छुट्टी

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा (लोहरदगा)।** भंडरा-चट्टी मुख्य पथ पर कचमची गांव के समीप एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, कचमची गांव निवासी झारू उरांव अपनी 35 वर्षीया पत्नी सुमंती उरांव के साथ ऑटो से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कचमची गांव के पास संतुलन बिगड़ने के कारण ऑटो सड़क पर ही पलट गया। इस हादसे में सुमंती उरांव को गंभीर चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता त्वरित कार्रवाई करते हुए दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भंडरा भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा तत्परता दिखाते हुए महिला का प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद स्थिति नियंत्रण में होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, लेकिन पुलिस और स्थानीय लोगों की सक्रियता से समय रहते राहत कार्य पूरा कर लिया गया।

## घर के बाहर बैठी दो महिलाओं को ट्रैक्टर ने लिया चपेट में, मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के डोका गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलने के बाद सेन्हा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के डोका गांव स्थित अखड़ा के समीप दो महिलाएं घर के बाहर बैठकर आपस में बातचीत कर रही थी। इसी दौरान एक बिना नंबर का ट्रैक्टर का चालक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए वहां पहुंचा और दोनों महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि 70 वर्षीय इतवरिया उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला, 50 वर्षीय लछमी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में तोड़ार और अरु के बीच उनकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही सामने आई है। चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमेटी ने की छह मामलों की सुनवाई, दो मामलों का हुआ निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के अदलिया कमिटी द्वारा 31 मई को अंजुमन कार्यालय में सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद बेलू नायब सदर सैयद आरिफ हुसैन बबलू, ज्वाइंट सेक्रेटरी अल्ताफ कुरेशी, सिराज अंसारी, ऑफिस सेक्रेटरी अब्दुल कलाम तेगी, हैदर इमाम, असगर तैगी, समीम खलीफा आदि की उपस्थिति में अदलिया में छह महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई हुई, जिसमें दो मामलों का निष्पादन किया गया। पहला मामला लोहरदगा के अली नगर कुटमू निवासी सहानी परवीन पिता फिरोज अंसारी बनाम जियाउल खान पिता एहसान खान पावरगंज लोहरदगा के बीच आपसी नाइत्तेफाकी के मामले की सुनवाई की गई। दोनों के बीच समन्वय बनाने के लिए अगली तारीख तय की गई। दूसरा मामला सेन्हा लोहरदगा की गुलजमा परवीन, पिता हुसैन अंसारी, बनाम न्यू रोड लोहरदगा निवासी तौहिद आलम, पिता इकबाल अहमद के मामले की सुनवाई की गई। आपसी सहमति से दोनों पक्षों के बीच सुलह करा कर मामले का निष्पादन किया गया। तीसरा मामला बिढ़नी लोहरदगा निवासी रौशन खातून, पिता रेयाजुल अंसारी बनाम होन्दगा किस्को लोहरदगा निवासी रियाजुद्दीन अंसारी के बीच आपसी नाइत्तेफाकी के मामले की सुनवाई की गई। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अगली तारीख दिया गया। चौथा मामला बरवे नगर चैनपुर (गुमला) निवासी साबिया खातून, पति साबीर मियां बनाम बरवे निवासी रजाउद्दीन अंसारी, पिता अब्दुल रउफ अंसारी के बीच जमीन विवाद के मामले की सुनवाई की गई, दोनों की सुनवाई के बाद कागजात प्रस्तुत करने के लिए एक माह का समय दिया गया।

## झारखंड टी-20 क्रिकेट लीग में लोहरदगा के पांच खिलाड़ियों का चयन











**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन( एलडीसीए) ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। झारखंड टी-20 क्रिकेट लीग के लिए आयोजित खिलाड़ियों की नीलामी (ऑक्शन) में लोहरदगा के पांच प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का विभिन्न टीमों में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से जिले के क्रिकेट जगत में खुशी का माहौल है। चयनित खिलाड़ियों में जतिन पांडे, हिमांशु रंजन कुमार, युवराज कुमार, आदित्य राज झा, तथा लक्ष्य शामिल हैं। इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखते हुए विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों ने उन्हें अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह लोहरदगा क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और लगातार बेहतर प्रदर्शन का ही परिणाम है कि उन्हें राज्य की प्रतिष्ठित टी-20 लीग में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन हमेशा से खिलाड़ियों को बेहतर मंच और अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहा है। वहीं सचिव आलोक कुमार राय ने उम्मीद जताई कि चयनित खिलाड़ी लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। एलडीसीए के कार्यकारी अध्यक्ष भास्कर दास गुप्ता उपाध्यक्ष रथीन्द्र नाथ राय, विशाल महेंद्रु, किशोर वर्मा ,सह सचिव प्रवीण प्रसाद, उपसचिव दुर्गा प्रजापति, सतीश वर्मा कोषाध्यक्ष नियाज मलिक कार्यकारिणी सदस्य मुकेश दुबे प्रमोद वर्मा तथा रमेश साहु सदस्य मो. जबारुल,जय जीत चौबे तथा अन्य सदस्यों एवं क्रिकेट प्रेमियों ने भी सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नंदनी डैम के पास ध्वस्त हुई पीसीसी सड़क, हादसे की आशंका

- मिट्टी कटाव के कारण गहरी खाई में तब्दील हुआ आधा रास्ता, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा
- विधायक प्रतिनिधि और प्रखंड अध्यक्ष ने लिया जायजा, उपायुक्त से बात कर जल्द निर्माण शुरू कराने का दिया भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा (लोहरदगा)।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नंदनी डैम के समीप मिट्टी कटाव के कारण ध्वस्त हुई पीसीसी सड़क का रविवार को विधायक प्रतिनिधि मिट्ठू उरांव और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया। दोनों नेताओं ने सड़क की इस जर्जर और भयावह स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इस गंभीर समस्या को लेकर सीधे जिले के उपायुक्त (डीसी) से बात करेंगे और मानसून से पहले निर्माण कार्य शुरू कराने का हरसंभव प्रयास करेंगे। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, नंदनी डैम के पास बनी इस पीसीसी सड़क का एक बड़ा हिस्सा लगातार हो रहे मिट्टी कटाव के कारण पूरी तरह टूटकर धंस गया है। सड़क का आधे से ज्यादा भाग कटकर गहरी खाई का रूप ले चुका है, जिससे अब सिर्फ एक तरफ से ही किसी तरह आवाजाही हो पा रही है। यह मुख्य मार्ग कैरो प्रखंड की ओर जाने वाले राहगीरों के साथ-साथ नंदनी डैम घूमने आने वाले सैलानियों के लिए भी एक बड़ा 'डेथ ट्रैप' (मौत का कुआं) बन गया है। भारी वाहनों या रात के अंधेरे में ज़रा सी भी चूक यहां किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

**मानसून से पहले निर्माण नहीं हुआ तो कटेगा संपर्क: झामुमो**

स्थल निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि मिट्ठू उरांव ने कहा कि यह सड़क स्थानीय ग्रामीणों और पर्यटकों, दोनों के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। सड़क जिस तरह ध्वस्त हुई है, उससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। हम उपायुक्त और संबंधित विभाग के अभियंताओं से वार्ता कर जल्द से जल्द इसके जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण की मांग करेंगे।वहीं, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने प्रशासनिक सुस्ती पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर मानसून की बारिश शुरू होने से पहले इस सड़क का पुख्ता निर्माण नहीं कराया गया, तो स्थिति और भी भयावह हो जाएगी तथा यह मार्ग पूरी तरह कट जाएगा। जनसुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए जिला प्रशासन को इस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। हम इस मुद्दे को उच्च स्तर तक उठाएंगे।

**रात में जान जोखिम में डालकर चलने को हैं मजबूर**

मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के इस हाल में होने से रोज का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। रात के समय इस मार्ग से गुजरना अपनी जान को जोखिम में डालने जैसा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किए बिना, यहां तुरंत स्थायी सुरक्षात्मक दीवार (गार्ड वॉल) के साथ सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए।

## नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज साहू का सभी ने किया स्वागत

**लोहरदगा।** जिले में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों, डेलीगेट्स एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान श्रमिक हितों, संगठन के विस्तार, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा तथा देशभर में इंटक को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने संगठन की मजबूती एवं मजदूरों की समस्याओं को लेकर अपने विचार साझा किए। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने अपने संबोधन में कहा कि इंटक मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी मजदूर हित सर्वोपरि रहेगा।

## गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



● विद्यार्थियों ने तंबाकू-मुक्त जीवन की शपथ ली, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, सिविल सर्जन कार्यालय एवं सदर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ एवं तंबाकू-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जिला परामर्शदाता वंदना स्मिता होरो और फिजियोलॉजिस्ट सुमन कुल्लू ने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों तथा तंबाकू त्याग सहायता सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से परिवार और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने विद्यार्थियों को तंबाकू से दूर रहकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वहीं निदेशक अभिजीत कुमार ने ऑनलाइन संबोधन में युवाओं को जनस्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को तंबाकू-मुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई तथा सभी ने समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# तीन माह के मासूम की मौत के बाद अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

● 18 हजार रुपये जमा कराने के बाद भी समय पर इलाज नहीं मिलने का दावा, जांच के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** शहर के गोकुल नगर स्थित केयर एडवांस हॉस्पिटल में तीन माह के मासूम सामर्थ साइमनस टोप्पो की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा हुआ और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठी।

मृतक के पिता मनीष टोप्पो के अनुसार सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद परिवार को पहले सदर अस्पताल और फिर बेहतर इलाज की उम्मीद में निजी अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल ने उपचार शुरू करने से पहले 18 हजार रुपये जमा कराए और गंभीर रूप से घायल मासूम को समय पर समुचित इलाज नहीं मिला। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि बच्चे की मौत के बाद उसे जीवित बताकर दूसरे अस्पताल भेजा गया, जहां बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। सिविल सर्जन डॉ. शंभुनाथ चौधरी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है और इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन का पक्ष समाचार लिखे जाने तक सामने नहीं आ सका।

## दृष्टिपात

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में नौ दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा

**गुमला।** गुरदरी थाना क्षेत्र में दो नाबालिग चचेरी बहनों से सामूहिक दुष्कर्म के बहुचर्चित मामले में एडीजे-4 की अदालत ने नौ दोषियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एडीजे-4 संजीव भाटिया की अदालत ने सुनवाई के बाद समीन असुर, सन्नी देवल भगत, धर्मचंद भगत, सतीश भगत, सोमेश्वर भगत, अर्जुन उरांव, संजय उरांव, महेश उरांव और प्रेमचंद भगत को दोषी करार दिया। मामला 15 अक्टूबर 2021 का है, जब दशहरा मेला से लौट रही दो नाबालिग बहनों के साथ आरोपियों ने कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया था। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सुधीर टोप्पो ने पैरवी की। अदालत के इस फैसले को पीड़िताओं को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगी, युवक से 3100 रुपये ऐंठे

**गुमला।** गोकुल नगर निवासी कौशल सिंह साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने कार्तिक उरांव महाविद्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर बहाली का झांसा देकर उनसे 3100 रुपये ऑनलाइन जमा करा लिए। कौशल सिंह के अनुसार एक व्यक्ति ने स्वयं को महाविद्यालय का कर्मचारी बताकर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और आवेदन प्रक्रिया के नाम पर राशि मांगी। रुपये भेजने के बाद जब और पैसे की मांग की गई तो उन्हें संदेह हुआ। महाविद्यालय पहुंचकर जानकारी लेने पर पता चला कि किसी भी प्रकार की कोई वैकेंसी जारी नहीं हुई है। इसके बाद उन्होंने गुमला थाना में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भारत विकास परिषद आयोजित करेगी 'भारत को जानो' और राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता




**गुमला।** भारत विकास परिषद, गुमला शाखा की बैठक होटल बिंदेश के सभाकक्ष में जिलाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और शैक्षणिक कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में 'भारत को जानो' प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जिले के विभिन्न विद्यालयों का प्रारंभिक चयन किया गया है। ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के बाद परिषद के पदाधिकारी विद्यालय प्रबंधन से संपर्क कर कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप देंगे। सदस्यों ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और भारत की गौरवशाली विरासत के प्रति जागरूकता विकसित होगी। साथ ही मानसून को देखते हुए वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रायडीह के जमगाई गांव में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आय-व्यय विवरण और वर्ष 2025-26 का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस दौरान मनमोहन केसरी ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की, जिनका सदस्यों ने स्वागत किया। बैठक में विनय लाल, निर्मल गोयल, विनय अखौरी, अजीत कुमार सिंह, रितेश कुमार, सरजू प्रसाद साहू, बालकेश्वर सिंह, मनमोहन केसरी और मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र 'सुमन' सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### व्यापारिक विकास और सुरक्षा को लेकर चैंबर की पहल



**गुमला।** जिले के व्यापारिक और औद्योगिक विकास को लेकर गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने रांची में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों से मुलाकात की। बैठक में व्यापार, उद्योग, आधारभूत सुविधाओं और व्यापारियों की सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई। चैंबर ने व्यापारियों की सुरक्षा, ब्लड बैंक लाइसेंस प्रक्रिया में तेजी, बिजली विभाग में आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा बेहतर आधारभूत सुविधाओं की मांग रखी। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। चैंबर अध्यक्ष राजेश लोहानी ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता बताई। वहीं सचिव प्रणय कुमार ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के बाहर हाई-विजन सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने जियाडा की खाली भूमि स्थानीय उद्यमियों को उपलब्ध कराने की मांग उठाते हुए कहा कि इससे नए उद्योग स्थापित होंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बैठक में पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, रितेश गुप्ता सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच का रजत जयंती समारोह संपन्न, 14 पूर्व अध्यक्ष सम्मानित

● 25 वर्षों की सेवा यात्रा का उत्सव, बॉक्स लीग क्रिकेट बना आकर्षण का केंद्र

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** सामाजिक सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में 25 वर्षों से सक्रिय मारवाड़ी युवा मंच, गुमला ने अपने रजत जयंती वर्ष का भव्य आयोजन लोहरदगा रोड स्थित महेश्वरी भवन में किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पूर्व पदाधिकारियों, युवाओं और महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही।

समारोह में मंच की 25 वर्षों की उपलब्धियों और सामाजिक योगदानों पर प्रकाश डाला गया। संगठन द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा सहयोग और राहत कार्यों के माध्यम से किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 14 पूर्व अध्यक्षों का सम्मान रहा। महावीर मंत्री, अमित पोद्दार, मनोज मालानी, हरि प्रकाश मालानी, नटवरलाल अग्रवाल, अमित माहेश्वरी, रोहित मंत्री, सुमित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, पंकज साबू, विवेक साबू और सुमित साबू सहित अन्य पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया गया।

रजत जयंती समारोह के तहत आयोजित बॉक्स लीग क्रिकेट प्रतियोगिता ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। समाज के युवा और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल के माध्यम से प्रतिभा को मंच देने की इस पहल की प्रदेश अध्यक्ष विशाल पंड्या और प्रदेश खेलकूद संयोजक नीरज अग्रवाल ने सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की स्थापना वर्ष 2001 में समाज सेवा के उद्देश्य से की गई थी और पिछले 25 वर्षों में मंच ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। समारोह के अंत में सदस्यों ने समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों को और व्यापक रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## घाघरा बीडीओ को भावभीनी विदाई

● तीन वर्षों के सफल कार्यकाल के बाद नए दायित्व के लिए सम्मानपूर्वक विदाई

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड सभागार में रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) दिनेश कुमार के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। घाघरा में तीन वर्षों का सफल कार्यकाल पूरा करने के बाद उनकी पदोन्नति लातेहार के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) पद पर हुई है।

इस अवसर पर प्रखंड प्रशासन, प्रमुख सविता देवी, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनकी प्रशासनिक दक्षता, कार्यशैली और जनहित के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा गया तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गई।

समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे और विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि दिनेश कुमार ने विकास और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वहीं, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने अपने व्यवहार और कार्यों से लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में वे उपायुक्त के रूप में गुमला जिले में पुनः लौटेंगे।

प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उनके साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि दिनेश कुमार ने हमेशा एक अभिभावक की तरह मार्गदर्शन किया और टीम भावना के साथ कार्य संस्कृति को मजबूत बनाया। विदाई के दौरान कई कर्मियों की आंखें नम दिखीं।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और नए दायित्वों के सफल निर्वहन की कामना की। मौके पर पंचायत सचिव शंकर साहू, दिनेश बड़ाइक, ज्योति महतो, भोला, संतोष गुप्ता, सेविका सावित्री देवी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अमलीया गांव में जंगली हाथी का उत्पात, घर तोड़ा और फसल रौंदी

● अनाज खाया, टमाटर की फसल को पहुंचाया नुकसान; ग्रामीणों में दहशत

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के अमलीया गांव में शनिवार देर रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने अमलीया वन समिति के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह के मिट्टी के घर को तीन स्थानों पर तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे दो बोरा अनाज खा गया। साथ ही घरेलू सामानों को भी नुकसान पहुंचाया। घटना के समय घर खाली होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। बताया गया कि जगजीवन सिंह गुमला में रहते हैं, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे घटना की रात पुराने घर में सोने चले गए थे। हाथी ने गांव के किसान केशर सिंह के खेत में लगी टमाटर की फसल को भी रौंद दिया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों की बढ़ती आवाजाही के कारण लोगों में भय का माहौल है। सूचना मिलने पर वनरक्षी अकील अहमद गांव पहुंचे और क्षति का आकलन किया। उन्होंने बताया कि विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को आवेदन प्रपत्र और टॉर्च भी उपलब्ध कराए गए तथा सतर्क रहने की अपील की गई।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रथ रवाना

● तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को जिले में तंबाकू और नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। सदर अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो, अपर समाहर्ता राजीव नीरज, सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी और एलआरडीसी राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से अभियान का शुभारंभ किया।

अधिकारियों ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश देगा।

कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लेकर तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने कहा कि तंबाकू कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का कारण है तथा इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता है। वहीं सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधक, जिला तंबाकू निषेध कोषांग के प्रतिनिधि, तंबाकू मुक्ति केंद्र के मनोवैज्ञानिक, एफएलसी-एनसीडी टीम, सहियाएं, चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि जनभागीदारी और निरंतर जागरूकता से तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति को कम किया जा सकता है।

# जेठ पूर्णिमा पर बाबा टांगीनाथ और सिरासिता धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

● भव्य मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम बने आकर्षण

नवीन मेल संवाददाता



**डुमरी।** जेठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ऐतिहासिक बाबा टांगीनाथ एवं सिरासिता धाम में भव्य मेले का आयोजन किया गया। झारखंड सहित पड़ोसी राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने दोनों धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर परिवार और समाज की खुशहाली की प्रार्थना की। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। विभिन्न दुकानों, झूलों और खान-पान के स्टॉलों पर लोगों की भारी भीड़ रही।

श्रद्धालुओं ने बताया कि जेठ पूर्णिमा पर बाबा टांगीनाथ और सिरासिता धाम में दर्शन-पूजन की विशेष मान्यता है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात की विशेष व्यवस्था की थी। शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न इस मेले ने क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा प्रदान की।

### पुग्गु दाउद नगर में चोरों का आतंक, एक रात में तीन घर बने निशाना

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के पुग्गु दाउद नगर में अज्ञात चोरों ने एक ही रात तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। दो घरों में चोरी सफल रही, जबकि तीसरे घर में चोर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। चोरों ने प्रफुल्ला टोपनो के घर से नकद नौ हजार रुपये और सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। इसके बाद सुभाष कुजूर के घर से 15 हजार रुपये नकद सहित जेवरात लेकर फरार हो गए। अलेक्सियुस तिर्की के घर में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन किसी कारणवश चोर अंदर प्रवेश नहीं कर सके। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवारों ने गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और चोरों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों से जानकारी जुटाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## प्रधान जिला जज सपरिवार पहुंचे बाबा टांगीनाथ धाम



● विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि की कामना की

नवीन मेल संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड स्थित ऐतिहासिक बाबा टांगीनाथ धाम में रविवार को गुमला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुमार अपने परिवार के साथ पहुंचे। उन्होंने सपरिवार भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जिले की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

धाम के मुख्य पुजारी रामकृपाल बैगा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा संपन्न कराई। पूजा के बाद न्यायाधीश और उनके परिवार को प्रसाद प्रदान किया गया। न्यायाधीश के आगमन को लेकर धाम परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस दौरान डुमरी थाना के एएसआई अरविंद भारती, लगन महतो सहित पुलिस बल और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के बाद अजीत कुमार ने बाबा टांगीनाथ धाम के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व की सराहना करते हुए परिसर की प्राकृतिक सुंदरता की भी प्रशंसा की।

